**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
**कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 114**
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 114

---

फा.सं. रा.भा. 2(1)/2018-हिन्दी/284 दिनांक 26 मार्च, 2018

सेवा में,

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक

विषय : "**भाकृअप में राजभाषा प्रबंधन एवं नई दिशाएं**" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

महोदय,

महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.12.2017 को सम्पन्न हुई परिषद की संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उपर्युक्त विषय पर परिषद में नवनियुक्त सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं राजभाषा अधिकारियों/तकनीकी अधिकारियों और राजभाषा से जुड़े अधिकारियों के लिए दिनांक 24-25 अप्रैल, 2018 को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला/प्रशिक्षण का अयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला भाकृअप- क्रीडा के समन्वय से भाकृअप - केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (क्रीडा), हैदराबाद में आयोजित की जा रही है।

उक्त कार्यशाला में आपके संस्थान में कार्यरत राजभाषा अधिकारी (उप निदेशक (राजभाषा)/सहायक निदेशक (राजभाषा)/मुख्य तकनीकी अधिकारी/सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी/वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी/तकनीकी अधिकारी तथा हिन्दी का कार्य देख रहे अन्य अधिकारी) की प्रतिभागिता अनिवार्य है। उक्त कार्यशाला में भाग लेने के लिए आपके संस्थान में यदि उपर्युक्त अधिकारियों में से कोई न हो तो राजभाषा का कार्य देख रहे प्रभारी अधिकारी को नामित किया जा सकता है।

अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला में भाग लेने के लिए अपने कार्यालय से उपयुक्त अधिकारी को अनिवार्य रूप से नामित करें। नामित अधिकारियों के टीए/डीए का वहन संबंधित संस्थान द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्य विवरण बाद में सूचित किए जाएंगे। नामित अधिकारियों का विवरण हर हाल में 10 अप्रैल, 2018 तक निम्नलिखित ई-मेल पर भेजें।

1. seemachopra.icar@gov.in
2. hindianubhag@yahoo.in
3. sant.yadav@icar.gov.in, sryadav1220@gmail.com

भवदीया

सीमा चोपड़ा 26.3.18

(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (राजभाषा)